नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बुधवार को हुआ। इस दौरान पोस्टर, स्लोगन, वेस्ट मैटेरियल से बने सामान, हैंडमेड ज्वेलरी व ग्लास पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगी। प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने छात्राओं को आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। विश्वम फाउंडेशन के संस्थापक यूपी त्रिपाठी द्वारा भविष्य में कौशल विकास से संबंधित कार्यक्रमों को आयोजित करने की बात कही गई। आयोजन डा. इंदु कनौजिया और दिव्या पाल द्वारा किया गया • सौ. संस्थान

अध्यक्ष चुने गए। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमबीए परीक्षा का किया निरीक्षण

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में आयोजित हो रही एमबीबीएस की परीक्षा का बुधवार को कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने औचक निरीक्षण किया। केंद्राध्यक्ष डॉ. आशुतोष पांडेय ने बताया कि प्रथम व द्वितीय वर्ष के 277 छात्रों ने परीक्षा दी। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीबीएयू में निशुल्क कोचिंग शुरू

लखनऊ। बीबीएयू की महत्वाकांक्षी आवासीय कोचिंग अकादमी द्वारा बुधवार से निशुल्क कोचिंग की ऑनलाइन कक्षाएं शुरू कर दी गईं। प्रवेश परीक्षा से 100 छात्रों को चयनित किया गया है। यूजीसी की योजना के अंतर्गत आवासीय कोचिंग अकादमी को स्थापित किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

छात्राओं ने हुनर की लगाई प्रदर्शनी

लखनऊ। कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हो रहे एनएसएस का विशेष शिविर बुधवार को समाप्त हो गया। एनएसएस के स्वयं सेवक छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर, स्लोगन, बेकार चीजों से बने सामान, ग्लास पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। थाना कैसरबाग के प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। (माई सिटी रिपोर्टर)